2025/687

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी बिलाड़ा जिला जोधपुर

व इजलास- **मृदुला शेखावत**, आर.ए.एस.

प्रार्थी	**बनाम**	**अप्रार्थी**
नीतू गोस्वामी		सरकार

किस्म मुकदमा 136 एल.आर.एक्ट

प्रकरण संख्या :- 456/2025

-::आदेश::- **दिनांकः-** 13/3/2025

प्रार्थी **नीतू गोस्वामी** पुत्री श्री **छोटूगिरी** जाति **गोस्वामी** निवासी **मालकोसनी** तहसील बिलाडा, जिला जोधपुर, राज. ने एक प्रार्थना पत्र बाबत राजस्व रेकर्ड में नाम दुरूस्ती का पेश किया है। प्रार्थना पत्र को जांच हेतु तहसीलदार बिलाडा को भेजा जावें।

तहसीलदार बिलाडा से जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। जिसमें तहसीलदार बिलाडा ने अवगत करवाया है कि राजस्व ग्राम **मालकोसनी** की जमाबंदी संवत् 2075 से 2078 के खाता सं. 619 के खसरा नंबर 899 में दर्ज अशुद्ध नाम **नीतू पुत्री छोटूगिरी** जाति **गोस्वामी** निवासी **मालकोसनी** का शुद्ध विवरण **नीतू गोस्वामी पुत्री छोटूगिरी** जाति **गोस्वामी** निवासी **मालकोसनी** की राजस्व रेकर्ड में शुद्धि किये जाने हेतु सहमत है। अतः जांच रिपोर्ट व पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र धारा 136 एल.आर.एक्ट का स्वीकार किया जाता है। अतः तहसीलदार बिलाडा को आदेशित किया जाता है कि वो उपरोक्तानुसार शुद्धि का नामान्तरकरण भरें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

(मृदुला शेखावत)
उपखण्ड अधिकारी,
बिलाड़ा

सहायक कलक्टर
एवं उप खण्ड अधिकारी
बिलाड़ा